नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

अशोक मिश्र को विजय वर्मा कथा सम्मान

वर्धा, 13 नवंबर 2017: हेमंत फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला उन्नीसवां विजय वर्मा कथा सम्मान (2018) अशोक मिश्र के कहानी संग्रह "दीनानाथ की चक्की" को दिए जाने का निर्णय किया गया है। यह कहानी संग्रह आधार प्रकाशन से प्रकाशित है। फाउंडेशन के सम्मान का निर्णय प्रख्यात स्तंभकार- आलोचक भारत भारद्वाज द्वारा किया गया । हेमंत फाउंडेशन की अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव व सचिव डॉ प्रमिला वर्मा ने भोपाल से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के



माध्यम से बताया कि ये सम्मान जनवरी 2018 के अंतिम सप्ताह में मुम्बई में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया जाएगा ।

फैजाबाद निवासी अशोक मिश्र चर्चित कथाकार, संपादक हैं । वे इन दिनों महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा की त्रैमासिक पत्रिका 'बहुवचन' के संपादक हैं । अशोक मिश्र नौंवे दशक के आरंभिक वर्ष में हिंदी के एक प्रमुख लघुकथाकार के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं । वे अपनी रुक-रुककर चलने वाली पत्रकारीय रचना यात्रा के दौरान लघुकथाएं, कहानियां, समीक्षाएं, लेख आदि लिखते रहे हैं और गंभीर लेखन के सशक्त हस्ताक्षर हैं ।

वे दो दशक से अधिक समय तक जनमोर्चा, राष्ट्रीय सहारा, दैनिक मिलाप, अमर उजाला, दैनिक जागरण, इंडिया न्यूज से संबद्ध रहकर पत्रकारिता करते रहे हैं । वे सांस्कृतिक पत्रकार के रूप में विशेष रूप से विख्यात रहे हैं । इससे पहले उनका एक लघुकथा संग्रह 'सपनों की उम्र' नाम से वर्ष 2004 में प्रकाशित होकर चर्चित रहा है ।

ज्ञातव्य है कि साहित्य जगत का यह सम्मान अपनी प्रतिष्ठा को कायम रखते हुए पिछले 19 वर्षों से अपनी यात्रा तय करते हुए आगे बढ़ रहा है । विगत वर्षों में यह सम्मान प्रियंवद, लवलीन, शैलेन्द्र सागर, अवधेश प्रीत, जयनंदन, उर्मिला शिरीष, मधु कांकरिया, ओमा शर्मा आदि को दिया जा चुका है।